**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**27.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर शिमला पहुंचीं– सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के चियोग और धरेच में 51 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– शिमला में बनेगी हाईड्रोलिक पार्किंग– 12 सौ करोड़ रूपए की शहरी विकास योजना के तहत होगा कार्य।
- रोहड़ू उपमण्डल के कुलगांव में धार्मिक समारोह में हुए गोलीकांड में एक महिला की मृत्यु मामले में दो आरोपी गिरफ्तार– जांच जारी।

और

- प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप– निचले व मैदानी इलाकों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस तक की वृद्धि दर्ज।

-----------

**राष्ट्रपति दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर आज शिमला पहुंची। शिमला के समीप कल्याणी हैलीपैड पहुंचने पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करेंगी। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगी और ऐतिहासिक सुरंग को लेकर जानकारी प्राप्त करेंगी। 30 अप्रैल को राष्ट्रपति कांगड़ा ज़िला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। इस बीच, राष्ट्रपति के प्रदेश दौरे को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला ज़िला में कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के चियोग और धरेच में 51 करोड़ 10 लाख रूपए की 15 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें धरेच पंचायत में 5 सौ किलोवॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन भी शामिल है। धरेच पंचायत सौर ऊर्जा का उत्पादन करने वाली प्रदेश की पहली ग्रीन पंचायत बन गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से प्रतिदिन करीब 3 हज़ार यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है जबकि वार्षिक उत्पादन लगभग 8 लाख यूनिट रहने का अनुमान है। सुखविन्द्र सिंह

सुक्खू ने इस परियोजना को समावेशी और जनकल्याणकारी मॉडल बताते हुए कहा कि इससे पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चियोग के नए भवन के लिए साढ़े 5 करोड़ रूपए देने और विद्यालय में अगले वर्ष से सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी मौजूद रहे।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला में जल्द ही हाइड्रोलिक पार्किंग बनाई जाएगी जिसके लिए शहर में करीब 15 स्थानों का चयन कर लिया गया है। शिमला के चौड़ा मैदान स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 4 दिवसीय आई.टी.आई. महिला स्पोर्ट्स मीट के समापन अवसर पर उन्होंने ये बात कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये कार्य प्रदेश में 12 सौ करोड़ रूपए की लागत से शहरी विकास योजना के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइड्रोलिक पार्किंग के निर्माण से ट्रैफिक व्यवस्था को लाभ मिलेगा और लोगों को अधिक से अधिक स्थानों पर पार्किंग की सुविधा मिलेगी।

## हर्षवर्धन

उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने आगामी 4 नगर निगमों के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं और पार्टी चारों सीटों पर जीत हासिल करेगी। आज शिमला में उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए कांग्रेस अपने प्रत्याशियों से किसी भी तरह की फीस नहीं ले रही है और भाजपा इस संबंध में झूठे आरोप लगा रही है। हर्षवर्धन चौहान ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भी भाजपा पर झूठ बोलने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

## गिरफ्तारी

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला ज़िला के रोहड़ू उपमंडल के कुल गांव में धार्मिक समारोह के दौरान हुए गोलीकाण्ड में एक महिला की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्यालय शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राकेश जमवाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून

व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। राकेश जमवाल ने रोहड़ू उपमण्डल के कुलगांव में धार्मिक आयोजन के दौरान हुई फायरिंग की घटना में एक महिला की मृत्यु पर दुख जताते हुए कहा कि ये केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और प्रशासनिक विफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का डर खत्म हो चुका है और प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। जमवाल ने इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की सरकार से मांग की है।

**मौसम**

प्रदेश के मैदानी इलाकों में इन दिनों लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के मैदानी व निचले क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान 30 से 35 डिग्री सैल्सियस और मैदानी इलाकों में 35 से 38 जबकि ऊना में 40 से 42 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया है।

**कांग्रेस बैठक**

कांग्रेस के 4 ज़िलों के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की एक बैठक आज धर्मशाला में प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रजनी पाटिल ने कहा कि बैठक में संगठन की मज़बूती, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी नगर निकाय व पंचायत चुनावों को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने चुनाव प्रबंधन कमेटी का गठन कर दिया है और जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा भी की जाएगी।

---------